# कार्यालय संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा पाली संभाग पाली

–:: **कार्यालय आदेश** ::–

राजस्थान सिविल सेवा (अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में कार्मिकों की नियुक्ति के लिए विशेष चयन और सेवा की विशेष शर्ते) नियम, 2023 तथा विभागीय विज्ञप्ति दिनांक 11.07.2024, 10.01.2025 व 26.06.2025 में उल्लेखित प्रावधानानुसार सम्बन्धित चयन समिति के अनुशंषा उपरान्त वरिष्ठ अध्यापक (विभिन्न विषय) स्तर के कार्मिकों का चयन किया जाकर सलंग्न तालिका के कॉलम संख्या 09 में अंकित जिले व कॉलम संख्या–08 में अंकित विद्यालय में पदस्थापन निम्नाकिंत शर्तो के अनुसार किया जाता है :–

1. सामान्यतः आवेदित पदों पर चयन के पश्चात् कार्मिक को एक वर्ष की अवधि के लिये पदस्थापित किया जाता है, एवं एक वर्ष की अवधि पूर्ण होने के उपरान्त कार्य सन्तोषजनक होने की स्थिति में कार्मिक की पदस्थापन कार्य अवधि विज्ञप्ति के प्रावधानानुसार विनिर्दिष्ट (Specified) प्रक्रिया द्वारा एक–एक वर्ष के लिए प्रतिवर्ष बढाई जा सकेगी।
2. पदस्थापन उपरान्त सम्बन्धित किसी भी कार्मिक की रिकार्ड अनुसार नकारात्मक छवि, प्रतिकुल परीक्षा परिणाम आदि पाया जाता है तो प्रशासनिक विभाग 03 की अवधि तक सम्बन्धित कार्मिक के पदस्थापन पर पुर्नविचार कर सकेगा एवं नियुक्ति प्राधिकारी को किसी कार्मिक को, पूर्वतर नियुक्ति प्राधिकारी के कार्यालय के लिए ऐसी सेवावधिके पूर्ण होने से पूर्व बिना कोई कारण दिये, निर्मुक्त (Relieve) करने का अधिकारी होगा।
3. नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में चयन के पश्चात् पदस्थापित किये गये समस्त कार्मिकों के प्रदर्शन का वार्षिक पुनर्विलोकन, निदेशक द्वारा समय–समय पर विनिर्दिष्ट रीति और प्रक्रिया के अनुसार किया जायेगा।
4. जैसे ही, अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में चयन के पश्चात् पदस्थापित कार्मिक को मूल संवर्ग में किसी उच्चतर पद पर पदोन्नत किया जाता है, उसे पदोन्नति पर पदस्थापन लिए पतिवर्तित समया जायेगा। अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में पदस्थापन के लिए वांछनीय अर्हताए रखने की दशा में, नियुक्ति प्राधिकारी पदोन्नत कार्मिक का किसी भी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में रिक्तियों और अत्यावश्यकता के अनुसार पदस्थापन पर प्रतिधारण (Retention) का विनिश्चय कर सकेगा।
5. अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों हेतु चयनित कार्मिक को उसके पद/विषय के अनुसार सम्पूर्ण जिले के किसी भी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में पदस्थापित/स्थानान्तरित किया जा सकेगा। सम्बन्धित अभ्यर्थी की वास्तविक वरिष्ठता, पदस्थापन में उक्त परिवर्तन से अप्रभावित रहेगी।
6. ऐसे पदों पर कार्यरत कार्मिकों के मामले में जिसकी वरिष्ठता अन्य संभाग के अधिकार क्षेत्र के अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में चयन के पश्चात् भी सम्बन्धित पूर्ववर्ती संभाग स्तर पर ही बनी रहेगी। सम्बन्धित अभ्यर्थी की वरिष्ठता उसके मूल संभाग में संरक्षित की जायेगी और वे अग्रिम पदोन्नति के लिए मूल संभाग में संरक्षित की जायेगी और वे अग्रिम पदोन्नति के लिए मूल संभाग मे धारणधिकार का हकदार होंगे।
7. ऐसे पदों में जहां वरिष्ठता संभाग में संधारित है और परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी/ परिवीक्षाधीन व्यक्ति अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में चयन के पश्चात् अन्य संभाग में पदस्थापित है वहॉ परिवीक्षाकाल के सफलतापूर्वक समाप्त होने के पश्चात स्थायीकरण, उस मूल संभाग जहां अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में पदस्थापित होने से पूर्व उसकी वरिष्ठता संधारित है, के पूर्व नियुक्ति अधिकारी के द्वारा किया जायेगा। ऐसे कार्मिकों को हिन्दी माध्यम विद्यालय में प्रतिवर्तन के उपरान्त पदस्थापन के लिए पूर्व नियुक्ति प्राधिकारी को सुपुर्द किया जाएगा।

Signature valid

Digitally signed by Richhpal Singh
Designation : Joint Director
Date: 2025.06.30 16:54:07 IST
Reason: Approved

8. उपरोक्त कार्मिकों में से यदि कोई कार्मिक पूर्व से अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (स्वामी विवेकानन्द मॉडल स्कूल सहित) में साक्षात्कार के माध्यम से चयनित होकर कार्यरत है तो ऐसी स्थिति में उन्हें कार्यमुक्त/ कार्यग्रहण नही करवाया जावे।
9. यदि किसी कार्मिक के विरूद्ध विभागीय जॉच लम्बित/विचाराधीन है तो उन्हें कार्यमुक्त/ कार्यग्रहण नहीं करवाया जावे।
10. कार्यमुक्ति/कार्यग्रहण से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जावे कि चयनित शिक्षक वर्तमान में माध्यमिक एवं प्रारम्भिक शिक्षा विभाग में ही कार्यरत है तथा चयन हेतु अनुमोदित सूचियों में शिक्षक का वर्तमान पदस्थापन स्थान, मूल पद व विषय सही अंकित है।
11. राजस्थान स्वेच्छया ग्रामीण शिक्षा सेवा नियम 2010 के तहत नियुक्त कार्मिकों को शहरी क्षेत्र (नगर पालिका/ नगर परिषद/ नगर निगम) मे पदस्थापित नहीं किया जावे।
12. अनुसूचित क्षेत्र (टीएसपी क्षेत्र) के कार्मिकों को केवल अनुसूचित क्षेत्र (टीएसपी क्षेत्र) एवं गैर अनुसूचित क्षेत्र (नॉन टीएसपी क्षेत्र) के कार्मिकों को केवल गैर अनुसूचित क्षेत्र (नॉन टीएसपी क्षेत्र) के विद्यालय हेतु ही कार्यमुक्त किया जावे।
13. उक्त कार्मिकों का चयन व पदस्थापन माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर में विचाराधीन डी.बी. सिविल स्पेशल अपील याचिका संख्या 734/2024 राजस्थान राज्य व अन्य बनाम मोहनलाल शर्मा व अन्य तथा अन्य कनेक्टेड 03 याचिकाओं एवं माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर में विचाराधीन एस.बी. सिवल याचिका संख्या 14505/2024 राजेश कुमार जाट बनाम राजस्थान राज्य व अन्य एवं अन्य सम्बन्धित न्यायिक प्रकरणों में पारित होने वाले अन्तिम निर्णय के अध्ययधीन रहेगा।
14. सम्बन्धित नियन्त्रण अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि सलंग्न सूची के अनुसार चयनित कार्मिकों को दिनांक 30.06.2025 को ही पदस्थापन स्थान ऑनलाईन कार्यमुक्त करें तथा सम्बन्धित कार्मिक को कार्यमुक्त उपरान्त पदस्थापन स्थान पर अविलम्ब अधिकतम दिंनाक 02.07.2025 तक ऑनलाईन कार्यग्रहण करना सुश्नश्चित करने हेतु पाबन्द करेंगे। कार्यमुक्त करने में किसी भी प्रकार की देरी होने पर समस्त जिम्मेदारी नियन्त्रण अधिकारी की होगी।

सलंग्न :– चयनित कार्मिको की पदस्थापन सूची (21)

(रिछपाल सिंह)
संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा पाली संभाग पाली

क्रमांकः सनि/शिक्षा/पाली/मगाप्र/वॉक इन इन्टरव्यू/2025/**176** दिनाक :– **30-06-2025**

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–**

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. निदेशक, माध्यमिकशिक्षा विभाग, राजस्थान, बीकानेर को चयन सूची अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
4. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा एवंपंचायतीराज (प्राशि) विभाग, राजस्थान, बीकानेर।
5. विशेषाधिकारी, शिक्षा ग्रुप 1 विभाग राजस्थान जयपुर।
6. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पाली/जालोर/सिरोही।
7. जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारम्भिक/माध्यमिक पाली।
8. सम्बन्धित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
9. सम्बन्धित प्रधानाचार्य/पीईईओं/यूसीईओं।
10. सम्बन्धित कार्मिक।
11. रक्षक पत्रावली।

संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा पाली संभाग पाली

Signature valid
Digitally signed by Richhpal Singh
Designation: Joint Director
Date: 2025.06.30 16:54:07 IST
Reason: Approved

कार्यालय संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा पाली संभाग पाली

क्रमांकः सनि / शिक्षा / पाली / मगाप्र / वॉक इन इन्टरव्यू / 2025 / 176 दिनाक :– 30-06-2025

**अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में वरिष्ठ अध्यापक (विभिन्न विषय) के पद हेतु चयनित कार्मिकों के पदस्थापन आदेश**

| क्र.सं. | कार्मिक का नाम | पदनाम | विषय | एम्पलोय आई.डी. | वर्तमान पदस्थापन स्थान | जिला | चयनोपरान्त पदस्थापित विद्यालय का नाम | आवंटित जिला |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | DHOLA RAM VISHNOI | Senior Teacher | English | RJJL200521016334 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL HALIWAV (213823) | JALOR | MAHATMA GANDHI GOVT. SCHOOL B. DHANI SANCHORE (472787) | JALOR |
| 2 | JITENDRA SINGH | Senior Teacher | Hindi | RJUD202039032513 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL GUNPDA (223181) | UDAIPUR | PM SHRI MAHATMA GANDHI GOVT. SCHOOL KARWARA (474071) | JALOR |
| 3 | SONAL SHRIMALI | Senior Teacher | Science | RJJL202321081524 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL DEVKI (221133) | JALOR | MAHATMA GANDHI GOVT. SCHOOL HANUMANSHALA (221050) | JALOR |
| 4 | ARVIND PARIHAR | Senior Teacher | English | RJBM202305042207 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL CHOONDA (221094) | JALOR | MAHATMA GANDHI GOVT. SCHOOL KHOD (221437) | PALI |
| 5 | CHAND KIRAN | Senior Teacher | English | RJPA200529005359 | SHAH BASTIMAL UMMEDMAL PAREKH GOVT. GIRLS SENIOR SECONDARY SCHOOL CHANOUD (221266) | PALI | MAHATMA GANDHI GOVT. SCHOOL KOSELAO (221278) | PALI |
| 6 | DINESH | Senior Teacher | English | RJPA201229018241 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL SHIVPURA (214143) | PALI | MAHATMA GANDHI GOVT. SCHOOL, PUNAYATA, PALI (221482) | PALI |
| 7 | DINESH KUMAR SARAGARA | Senior Teacher | English | RJPA202329035867 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL MADIA (213915) | SIROHI | SWAMI VIVEKANAND GOVT. MODEL SCHOOL, RANI, PALI (225413) | PALI |
| 8 | IQBAL KHAN | Senior Teacher | English | RJPA202329037987 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL ANDORE (213963) | SIROHI | SWAMI VIVEKANAND GOVT. MODEL SCHOOL, RANI, PALI (225413) | PALI |
| 9 | MAHENDRA KUMAR VAGHANA | Senior Teacher | Science | RJPA201829003947 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL RICHHED (222821) | RAJSAMAND | MAHATMA GANDHI GOVT. SCHOOL NADOL (221378) | PALI |
| 10 | MAHENDRA SEERVI | Senior Teacher | English | RJPA202329041340 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL PADARLEE (221066) | JALOR | MAHATMA GANDHI GOVT. SCHOOL KHARCHI (221210) | PALI |
| 11 | MANOJ KUMAR | Senior Teacher | English | RJPA200529010013 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL BARSA (221212) | PALI | MAHATMA GANDHI GOVT. SCHOOL JOJAWAR (221251) | PALI |
| 12 | MUKESH KUMAR GOYAL | Senior Teacher | Science | RJPA201229046270 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL NARSINGHPURA (221220) | PALI | SWAMI VIVEKANAND GOVT. MODEL SCHOOL, ROHAT, PALI (225414) | PALI |

Signature valid

Digitally signed by Richhpal Singh
Designation : Joint Director
Date: 2025.06.30 16:54:07 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 16234786

कार्यालय संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा पाली संभाग पाली

क्रमांकः सनि/शिक्षा/पाली/मगाप्र/वॉक इन इन्टरव्यू/2025/176 दिनाक :– 30-06-2025

**अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में वरिष्ठ अध्यापक (विभिन्न विषय) के पद हेतु चयनित कार्मिकों के पदस्थापन आदेश**

| क्र.सं. | कार्मिक का नाम | पदनाम | विषय | एम्पलोय आई.डी. | वर्तमान पदस्थापन स्थान | जिला | चयनोपरान्त पदस्थापित विद्यालय का नाम | आवंटित जिला |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 13 | PREM PRAKASH MEWARA | Senior Teacher | English | RJPA20232 9033214 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL DAYLANA KALAN (221374) | PALI | MAHATMA GANDHI GOVT. SCHOOL KANTALIYA (221261) | PALI |
| 14 | SATYA PRAKASH PATEL | Senior Teacher | Science | RJPA20232 9023956 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL CHANDESARA (220714) | BALOTAR A | SWAMI VIVEKANAND GOVT. MODEL SCHOOL, SOJAT, PALI (225415) | PALI |
| 15 | DINESH KUMAR | Senior Teacher | Science | RJJJ20082 3001850 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL PATAMDESAR (215339) | CHURU | MAHATMA GANDHI GOVT. SCHOOL MADHOPURA (521815) | SIROHI |
| 16 | LALITA BAI MEENA | Senior Teacher | English | RJJO20082 5001362 | PM SHRI GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL DAIKADA (219116) | JODHPUR | MAHATMA GANDHI GOVT. SCHOOL KACHHOLI (213847) | SIROHI |
| 17 | PRAKASH MEENA | Senior Teacher | English | RJSR20233 4064077 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL MALGAON (214033) | SIROHI | MAHATMA GANDHI GOVT. SCHOOL BADGAON (413465) | SIROHI |
| 18 | PRAVEEN KUMAR | Senior Teacher | English | RJSR20183 4001040 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL MALIPURA (227076) | SIROHI | SANGHAVI HANSRAJ KANAJI MALGAON WALA GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL JEERAWAL (214026) | SIROHI |
| 19 | SHIV KUMAR SAINI | Senior Teacher | Sanskrit | RJBM2021 05000201 | MEHTA BHIKHCHAND CHAMPALAL BHANSALI GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL ASADA (220653) | BALOTAR A | MAHATMA GANDHI GOVT. SCHOOL GOYALI (513886) | SIROHI |
| 20 | SUDESH KUMAR | Senior Teacher | Mathemat ics | RJSR20163 4033200 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL KER SIROHI (213856) **(TSP AREA)** | SIROHI | MAHATMA GANDHI GOVT. SCHOOL GIRWAR (213891) **(TSP AREA)** | SIROHI |
| 21 | YOGESH KUMAR | Senior Teacher | English | RJSR20063 4001358 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL NEAR HOSPITAL- PURANA JOGAPURA (213991) | SIROHI | MAHATMA GANDHI GOVT. SCHOOL POSALIYA (213983) | SIROHI |

**(रिछपाल सिंह)**
संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा पाली संभाग पाली

Signature valid

Digitally signed by Richhpal Singh
Designation : Joint Director
Date: 2025.06.30 16:54:07 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 16234786

शिक्षा एवं रोजगार से संबंधित सभी प्रकार की महत्वपूर्ण सूचनाएं सबसे पहले प्राप्त करने के लिए आज ही हमारे टेलीग्राम, व्हाट्सएप एवं फेसबुक चैनल से जुड़े।

Telegram

Follow our WhatsApp Channel
Click Here

Follow us on
facebook

जुड़ने के लिए ऊपर दिए गए आइकॉन पर क्लिक करें।